तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

13 कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण का गूंजा संदेश...

14 कलेक्टर ने डॉ. ऐश्वर्य और फार्मासिस्ट रूपसिंह...




## खबर संक्षेप

### 1 फरवरी को राजिम कुंभ कल्प मेला का शुभारंभ

**राजिम।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध राजिम कुंभ कल्प मेला का शुभारंभ 1 फरवरी को भगवान श्री राजीव लोचन के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर होने जा रहा है। इस विशेष अवसर पर भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर का पट प्रातः 5 बजे श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु खोल दिया जाएगा।



मंदिर के पुजारी राजेंद्र मनु ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान श्री राजीव लोचन का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। प्रातः काल विशेष पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान का पूर्ण श्रृंगार एवं विशेष पोशाक धारण कराई जाएगी। इसके बाद बैंड-बाजों के साथ उत्सवपूर्ण वातावरण में जन्मदिन समारोह संपन्न होगा। बताया कि इस अवसर पर मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहेगा। दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु भगवान श्री राजीव लोचन के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। जन्मोत्सव के साथ ही कुंभ कल्प मेला की धार्मिक गतिविधियां भी पूरे विधि-विधान से प्रारंभ होंगी। कुंभ कल्प मेला के शुभारंभ को लेकर मंदिर कमेटी द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

### कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम आज

**छुईहा बेलर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्व राजिम अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में के तत्वावधान में समस्त 30 जनवरी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के बलिदान दिवस एवं मनरेगा बचाओ संग्राम ग्राम छुईहा में मनाया जाएगा।



इस अवसर पर ग्राम छुईहा में स्थापित महात्मा गांधी चौक में मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। और राघो पति राघो राजा राम का भजन संकीर्तन किया जायेगा। कांग्रेस ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा कि मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के ऊर्जावान अध्यक्ष शदीपक बैज के निर्देशानुसार ब्लाक स्तरीय शांतिपूर्ण एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं प्रदेश के किसानों की धान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि को बढ़ाये जाने की मांग को लेकर सांकेतिक चक्का जाम का आयोजन छुईहा में किया गया है। इस मौके पर मंडल, सेक्टर, बुथ अध्यक्ष एवं समस्त, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, ग्रामीण कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस एवं फिंगेश्वर (राजिम)ब्लॉक के समस्त काँग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी-गण की उपस्थिति रहेगें।

### धरना प्रदर्शन व सांकेतिक चक्का जाम आज

**छुरा।** 30 जनवरी दिन शुक्रवार को सुबह 11 बजे मनरेगा बचाव अभियान एवं किसानों की धान खरीदी के समय को आगे बढ़ाने के संबंध में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम रखा गया है जिसमें छुरा ब्लॉक के सभी कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा शामिल होने की अपील की गई है। उक्त जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष महेश्वरी शाह द्वारा दी गई।

### पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम लभराकला में महिला के साथ मारपीट के आरोप में उसके पति के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# वनांचल में दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं कमार और भुंजिया समाज के अनाथ बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के बिहड़ दूरस्थ वनांचल ग्राम पंचायत खरीपथरा में बसे विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के ग्रामीणों को शासन प्रशासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण ग्रामीण बुनियादी समस्याओं से जुझ रहे हैं। गरियाबंद जिला पंचायत सदस्य एवं आदिवासी नेत्री लोकेश्वरी नेताम मैनपुर के अंतिम छोर में बसा खरीपथरा ग्राम पंचायत के आश्रितपारा पपराहंडी तक पैदल पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम को अपने बीच पाकर ग्रामीण खुशी से गदगद हो गए। ज्ञात हो कि इस दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में जनप्रतिनिधि बहुत कम पहुंचते है और अधिकारी व अफसर भी दौरे पर नहीं पहुंच पाते जिसके कारण यहां के लोग समस्याओं से जकड़े हुए है। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने बताया की ग्राम पंचायत खरीपथरा में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समाज के तीन भाई बहन है। वहीं भुंजिया जनजाति के भी तीन अनाथ बच्चे है इनके माता- पिता बचपन में ही गुजर गए और यह बच्चे विशेष पिछड़ी जनजाति कमार एवं भुंजिया जनजाति से है जिनके विकास और उत्थान के लिए राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा लाखों-करोड़ों रूपए पानी की तरह खर्च करने का दावा किया जाता है। जिला पंचायत सदस्य नेताम ने बताया की आज ये अनाथ बच्चे दर-दर की ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खरीपथरा के निवासी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित



### कलेक्टर को पत्र लिखकर बच्चों के समुचित विकास की मांग

जिला पंचायत सदस्य श्रीमति लोकेश्वरी नेताम ने बताया खरीपथरा में विशेष पिछड़ी कमार एवं भुंजिया जनजाति के तीन -तीन बच्चे अनाथ है और आज ये बच्चे दर-दर की ठोकर खा रहे है सरकार द्वारा इस समाज के विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित किया जा रहा है लेकिन इन अनाथ बच्चों को कोई योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बच्चे पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे है। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने बताया की गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके को पत्र लिखकर सरकार की सभी योजनाओ का लाभ दिलाते हुए उनके समुचित विकास के लिए कार्ययोजना बनाने की मांग करेंगे।

**हादसा :** मोड़ के पास चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर सीधे खेत में जा पलटा

# खट्टी गाड़ाघाट मोड़ पर ईंटों से भरा ट्रैक्टर पलटा, मजदूर की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

अंचल के ग्राम खट्टी गाड़घाट मोड व इसके आसपास दिनों दिन राहगीरों के लिए बड़ी दुर्घटना साबित हो रही है। आए दिन इस मोड़ या इसके आसपास में सड़क हादसे होते ही रहते हैं। गुरुवार सुबह लगभग 8 बजे हुए इस सड़क दुर्घटना में एक मजदूर को अपनी जान गंवानी पड़ी है। ऐसा ही एक बार फिर हुआ है हमेशा की तरह सुबह गुंजन फ्लाई एस ब्रिक्स पोंड के ईट से भरे ट्रैक्टर निर्माण के कार्य के लिए पास के गांव जा रहे थे इस बीच ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खट्टी गाड़घाट मोड़ के पास खेत में जा गिरा जिससे ईंटों के बीच हेमाल राजेंद्र साहू (50 वर्ष) की दबाने से मौके पर मौत हो गई। वहीं हॉल रजनकटा खट्टी मोड़ का है जहां आए दिन घटना घटती रहती है। इस जगह पर डेंजर जोन के नाम से ब्रेकर लगाना बहुत ही जरुरी है क्योंकि इसी रास्ता से होकर राहगीर जतमई, घटारानी दर्शन करने आते जाते है, बता दे कि इस मोड़ में सड़क हादसा होता ही रहता है गलत तरीका से बनाया गया मोड़ आए दिन दुर्घटना के लिए डेंजर जोन साबित हो रहा है, तथा आम लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है और तो और कई दुर्घटना ग्रस्त लोग गंभीर रूप से विकलांग भी हो गए है। दुर्घटना में अभी तक कई घरों के चिराग भी बुझ चुके हैं, और इस मोड़ पर अभी तक लगभग दो दर्जन से ज्यादा लोग यहां जान गांव बैठे हैं।





### ग्रामीणों में भारी आक्रोश

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पांडुका पुलिस पहुंचे और जांच में जुट गई तो वहीं आसपास के ग्रामीण भी और राहगीर भी सड़क हादसे को देखने के लिए भीड़ इकट्ठा हो गया। संबंधित विभाग या फिर जनप्रतिनिधियों ने भी इस ओर कभी ध्यान नहीं दिया और आम जनता की हमेशा से मांग रहा है कि इस तरह की दुर्घटना को रोकने के लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए। कारगार उपाय अपनाना चाहिए।

# धान खरीदी की तिथि बढ़ाने आज कांग्रेस का सांकेतिक चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

धान खरीदी की तिथि बढ़ाने को लेकर कांग्रेस द्वारा 30 जनवरी दिन शुक्रवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सांकेतिक चक्काजाम किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने बताया की छत्तीसगढ़ में धान खरीदी खरीफ वर्श 2025–26 को लेकर सरकार के दावो और जमीनी हकीकत के बीच विरोधाभाश देखने को मिल रहा है जहां एक ओर धान खरीदी को सरकार ऐतिहासिक बता रही है वही जमीनी स्तर पर किसानो के शिकायतो से स्पष्ट है सरकारी दावे खोखले है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व में ही धान खरीदी की तारीख को कम से कम एक महीने और बढ़ाये जाने की मांग कर चुके है अभी भी बहुत किसान धान नही बेच पाये है जबकि नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने इस संबंध में राज्यपाल को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने और तारीख बढ़ाने की मांग की है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने कहा की भाजपा सरकार किसानो का पूरा धान खरीदना नहीं चाहती अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद भी किसानों को टोकन जारी करने में सरकार लापरवाही बरत रही है। इधर धरातल पर अनेक विसंगतिया देखने को मिल रही है जो सरकार की कम धान खरीदी की मंशा को उजागर कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा 30 जनवरी दिन शुक्रवार को मैनपुर में सांकेतिक चक्काजाम किया जायेगा। कांग्रेस नेताओं ने सभी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों एवं किसानों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।





### देवभोग में उमड़ा आस्था का सैलाब.....

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के अंतिम छोर में बसे देवभोग में वर्षों बाद पारंपरिक मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस मड़ई मेला में शामिल होने के लिए देवभोग के प्रमुख देवी-देवताओं सहित क्षेत्र भर के देवी-देवताओं की ध्वज पताका एवं सवारी पहुंची जहां देवभोग में उनका ऐतिहासिक परंगत स्वागत किया गया और पूजा अर्चना किया गया साथ ही देवभोग सहित क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि खुशहाली की कामना किया गया। हजारों लोग शामिल हुए।

# मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया मेला स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने गुरूवार को दोबारा राजिम पहुंचे। यहां उन्होने संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर बीएस उईके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर के साथ नदी क्षेत्र और मेला स्थल का निरीक्षण किया। मंत्री के आने की किसी भी प्रकार से जानकारी स्थानीय लोगो,जनप्रतिनिधियो एवं मीडिया को नही दी गई। यह पहला मौका नहीं है। अभी तक मंत्री और अधिकारिक स्तर में कम से कम 6 बैठकों से ज्यादा हो गई है परंतु इसकी जानकारी स्थानीय पत्रकारों को नहीं दी जाती। सिर्फ एक बार कलेक्टर उइके ने राजिम के पत्रकारों से मुलाकात करने की इच्छा जहिर किया यह जानकारी भी शाम 5-6 बजे के करीब जनसंपर्क अधिकारी द्वारा दिया गया। पत्रकारों के लिए यह समय काम का समय रहता है अधिकांश पत्रकार अपने दफ्तर में काम करते नजर आते है। बहरहाल गुरूवार को मंत्री अग्रवाल ने सबसे पहले गंगा आरती स्थल पहुंचकर सुरक्षा मानकों, दर्शक दीर्घा, प्रकाश व्यवस्था तथा आपातकालीन निकासी मार्गों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आरती स्थल पर भीड़ नियंत्रण, बैरिकेट्स, जल-स्तर मॉनिटरिंग और फायर सेफ्टी मानकों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता पर हो। मंत्री ने द्वादश ज्योतिलिंग की थीम पर विकसित किए जा रहे नवीन मेला मैदान में झांकियों का अवलोकन किया। कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के इस आयोजन में आस्था के अनुरूप भव्यता और सुंदरता का समुचित ध्यान रखा जाए। इसके अलावा उन्होने मंच व्यवस्था, बैठने की क्षमता, पंडालों की मजबूती, स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति की तैयारियों का जायजा लिया। कहा कि विवाह स्थल पर स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए। नदी में पैदल यात्रियों के लिए बनाए जा रहे पथ मार्ग, दुकान व्यवस्था, स्नान कुंड, संत समागम स्थल और शाही कुंड क्षेत्र का भी उन्होने निरीक्षण किया। यहां लोक निर्माण विभाग को शाही कुंड क्षेत्र में मजबूत बैरिकेटिंग, संतों के आश्रय स्थलों पर पर्याप्त संख्या में शौचालय निर्माण एवं मार्गों की मरम्मत ठीक से करने कहा। कुलेश्वर मंदिर क्षेत्र के लोमष ऋषि आश्रम परिसर में श्रद्धालुओं ▶▶| शेष पेज 12 पर



**आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में मनाया गया वार्षिकोत्सव**

# शिक्षा ही व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है : ओमकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में आयोजित वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि यहां के शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों के प्रेरणादायी कार्यक्रम सराहनीय व प्रशंसनीय है। कहा कि यह सरकारी स्कूल है लेकिन किसी अच्छे प्राइवेट स्कूल से कम नहीं है। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी अधिकारी और बड़े ऊंचे ओहदे पर जाते है। अध्यक्ष ओमकुमारी ने कहा कि बच्चे किसी भी नगर और देश का भविष्य होते हैं। आपकी पढ़ाई अनुशासन और संस्कार से ही अपने नगर की पहचान होगी। शिक्षा ही वह शक्ति है जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है और समाज को मजबूत करती है। विशेष अतिथि के रूप में मौजूद समाजसेवी योगिता सिन्हा ने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें, नियमित रूप से स्कूल आएं तथा अपने माता-पिता व गुरुजनों व बड़ों का सम्मान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविशंकर साहू ने की। इस अवसर पर उन्होने कहा कि बच्चे मां-बाप की सहारा बने। गुरुजनों के विश्वास को सफल बनाएं।



**नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी-** वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत 64 छात्र-छात्राओं ने अपनी कलाकारी दिखाई। नाट्य हास्य प्रहसन, युगल व सामूहिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद शिक्षक कुंभज कश्यप का सम्मान शाला के प्रधानपाठक गोपाल यादव, शिक्षक बेनीराम साहू, एकता शर्मा, त्रिपदा बांसवार, योगिता साहू, ईश्वर साहू ने शॉल श्रीफल से सम्मान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को गीता - मोहन अग्रवाल द्वारा दिया गया। संचालन एकता शर्मा व आभार गोपाल यादव ने किया। कार्यक्रम में पार्षद लोमेश्वरी साहू, संजय वनडलकर, कृति बया, सारिका यादव, नारद साहू, विष्णु कंसारी, मनोज देवांगन मौजूद थे।

# ब्राह्मण समाज महिला मंडल की अध्यक्ष बनी रेखा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ब्राह्मण समाज महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा तिवारी को नियुक्त किया गया। उनके नाम का प्रस्ताव तनु मिश्रा ने किया। इस नियुक्ति पर समाज की महिलाओं एवं गणमान्य सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में महिला मंडल नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। अध्यक्ष रेखा तिवारी ने कहा कि वे समाज की महिलाओं को संगठित कर एकजुटता, सहयोग और आपसी समन्वय को मजबूत करने का कार्य करेंगी। उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता एवं संस्कारों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होने कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब महिलाएं सशक्त, शिक्षित और आत्मनिर्भर हों। वे महिला मंडल के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ाने, उनकी प्रतिभाओं को निखारने तथा समाज के कमजोर वर्गों को सहयोग प्रदान करने के लिए विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगी। समाज में एकता और भाईचारे को बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी। बैठक में उपस्थित समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने रेखा तिवारी के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए कहा कि उनका अनुभव, सरल ▶▶| शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### सर्वांगीण विकास के लिए फाउंडेशन ने स्कूलों में सामग्री दान की

**बिरकोनी।** मेसर्स वॉल प्लास्ट प्रोडक्ट द्वारा स्कूलों को जरूरी सामग्री प्रदान किया गया। गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोनी में 50 नग टेबल बेंच, प्राथमिक शाला बिरकोनी सतनाम पारा में 15 नग टेबल बेंच एवं 2 नग सीलिंग फैन, पूर्व माध्यमिक कन्या शाला बिरकोनी में 1 नग कंप्यूटर सेट प्रदान किया। इस अवसर पर वॉल प्लास्ट प्रोडक्ट के कर्मचारी धनेश्वर भारद्वाज, आशीष श्रीवास्तव, शत्रुघन यादव, संजय सिंह चौहान उपस्थित रहे। बिरकोनी स्कूल के प्रधान पाठक योगेश्वर गिरी, नेहा देशमुख, लोमिन साहू, मुकेश प्रजापति, राजेश सोनी सहित शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए महाविद्यालय के सात का चयन



**महासमुंद।** राज्य स्तरीय हैंडबॉल महिला प्रतियोगिता 30 एवं 31 जनवरी को अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित की जाएगी। जिसके लिए महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय से सात महिला खिलाड़ी सीमा साहू, अनामिका साहू, पूजा दीवान, चारु, ममता धीवर, गीतांजलि, रामेश्वरी, कोच कुलेश्वर पेंडरिया एवं मैनेजर पालन दीवान, क्रीड़ा अधिकारी 29 जनवरी को बिलासपुर रवाना हुए। प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे एवं क्रीड़ाधिकारी दिलीप लहरे के साथ ही महाविद्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया।

### आत्मानंद स्कूल में अध्यक्ष भाऊराम ने किया ध्वजारोहण



**महासमुंद।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व पार्षद तथा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। उन्होंने राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक गण व स्कूल के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसके अलावा साहू ने अपने वार्ड के मुख्य चौक पर नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। राष्ट्रध्वज को सलामी देकर गण पर्व की महत्ता बताई गई।

---

कार्यक्रम : शिक्षक-पालक सम्मेलन सह माता उन्मुखीकरण कार्यशाला

# पालकों की जागरूकता ही शिक्षा व्यवस्था की मुख्य धुरी : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

समग्र शिक्षा महासमुंद के तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय सामुदायिक सहभागिता योजना अंतर्गत शिक्षक-पालक सम्मेलन सह माता उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

- विकासखंड स्तरीय सामुदायिक सहभागिता योजना अंतर्गत शिक्षक-पालक सम्मेलन सह माता उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

जिला मुख्यालय स्थित शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में पालक, बालक, शिक्षक एवं समुदाय की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की वास्तविक सफलता के लिए पालक को जागरूक होना आवश्यक है। विधायक सिन्हा ने पालकों से बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग रहने, विद्यालय से निरंतर संवाद बनाए रखने तथा बच्चों के नैतिक, बौद्धिक एवं सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पालकों की जागरूकता ही शिक्षा व्यवस्था की मुख्य धुरी है, जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है।

इस अवसर पर अतिथियों ने सामुदायिक सहभागिता को शिक्षा की गुणवत्ता सुधार का आधार बताते हुए सभी पालकों एवं शिक्षकों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उपस्थित पालकों ने भी विद्यालय विकास एवं बच्चों की शैक्षणिक उन्नति में सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) रेखराज शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम तथा बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, संकुल समन्वयक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शैक्षिक विषयों पर नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा निर्मित शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) की प्रदर्शन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें संकुल तुमगांव के शिक्षक बलराम नेताम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, देवेंद्र दीवान द्वितीय तथा हेमवतीन तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में राधेश्याम साहू एवं खेमराज साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खेमिन साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक अशोक साहू, पवन साहू, सुरेश कुमार पटेल, आशीष साहू, नीरज साहू, सुरेंद्र चंद्राकर, ईश्वर कमार, ललित किशोर बया, फानेंद्र बंजारे, टाकेश्वर साहू एवं केशव साहू का विशेष योगदान रहा।



**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई**

ओम नारायण शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख प्रावधानों, नई शैक्षणिक संरचना, कौशल विकास एवं मातृभाषा आधारित शिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कविता देवांगन ने नवाजतन कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं विद्यार्थियों में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के प्रयासों की जानकारी दी। भारती सोनी ने अंगना म शिक्षा अभियान के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा में समुदाय एवं माताओं की सहभागिता की भूमिका को रेखांकित किया। के.आर. सोनवानी ने कठपुतली प्रदर्शन के माध्यम से शैक्षिक संदेश प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को जागरूक किया। नीलकंठ यादव ने सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता, स्कूल प्रबंधन समिति की भूमिका एवं जनसहयोग से विद्यालय विकास के आयामों पर विस्तार से जानकारी दी। दुर्गा यादव ने बालवाड़ी संचालन एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के महत्व को समझाया। बलराम नेताम ने आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफ.एल.एन.) के लक्ष्यों और रणनीतियों पर प्रकाश डाला, वहीं रामनाथ यादव ने गतिविधि आधारित शिक्षा के माध्यम से शिक्षण को आनंदमय एवं प्रभावी बनाने के उपाय साझा किए।

---



## जिला महिला खेलकूद प्रतियोगता में दस खेलों पर हुए रोमांचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग अभनपुर के तत्वावधान में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बेलभाठा, अभनपुर में किया गया। प्रतियोगिता में 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला खिलाडिय़ों ने भाग लिया। आयोजन में कुल 10 खेल शामिल रहे, जिनमें खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, रस्साकशी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, एथलेटिक्स एवं बैडमिंटन प्रमुख रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद विधायक इंद्रकुमार साहू ने खिलाडिय़ो का उत्साहवर्धन करते शुभकामनाये दी।

प्रतियोगिता के रस्साकशी में 9 से 18 वर्ष वर्ग में आरंग प्रथम व तिल्दा द्वितीय तथा 18 से 35 वर्ष वर्ग में धरसीवा प्रथम व अभनपुर द्वितीय रहा। खो-खो में 9 से 18 वर्ष वर्ग में धरसीवा प्रथम, अभनपुर द्वितीय एवं 18 से 35 वर्ष वर्ग में अभनपुर प्रथम, आरंग द्वितीय रहा। फुटबॉल (9 से18 वर्ष) में धरसीवा प्रथम व आरंग द्वितीय रहा। बास्केटबॉल में दोनों आयु वर्गों में धरसीवा ने प्रथम तथा अभनपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल में 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष दोनों वर्गों में तिल्दा प्रथम व अभनपुर द्वितीय रहा। हॉकी में दोनों वर्गों में आरंग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन (18से 35 वर्ष) में शांता ध्रुव (अभनपुर) विजेता रहीं,कुश्ती में 9 से 18 वर्ष वर्ग के 50 किग्रा में नीतू मारकंडे (आरंग) व 53 किग्रा में नेहा साहू (आरंग) प्रथम रहीं। 18 से 35 वर्ष वर्ग में 50 किग्रा में तृप्ति वर्मा (आरंग) एवं 53 किग्रा में नौशीन तरन्नुम (आरंग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स में 9 से 18 वर्ष 100 मीटर दौड़ में पुष्प प्रीति साहू (आरंग) एवं 400 मीटर में ईशा रानी (अभनपुर) प्रथम रहीं। तवा फेक में वसुंधरा मांडवी (तिल्दा) प्रथम रहीं। 18 से 35 वर्ष वर्ग में 100 मीटर में अंशु बंजारे (अभनपुर) तथा 400 मीटर में रश्मि ध्रुव (अभनपुर) ने प्रथम स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम में सीईओ अभनपुर दीपक ठाकुर, बीईओ श्रीमती धनेश्वरी साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रिका जितेंद्र बंजारे, उपाध्यक्ष खेलू राम साहू,विखं.खेल अधिकारी डॉ विजय रत्नाकर सहित विभिन्न विकासखंडों के खेल अधिकारी, व्यायाम शिक्षक एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

---

## राइजिंग स्टार अंडर-19 बनी पहली चैंपियन 30 हजार रुपये व ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर



भंवरपुर नगर के ऐतिहासिक गढ़ मैदान में आयोजित 'भंवरपुर प्रीमियर लीग' के पहले सीजन का बुधवार को भव्य समापन हुआ। खिताबी मुकाबले में राइजिंग स्टार अंडर-19 कर्राभौना ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बालाजी वॉरियर्स को हराकर पहली बीपीएल ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भंवरपुर के सरपंच कृष्ण कुमार सिदार और उपसरपंच अनुराग शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया और युवाओं का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। राइजिंग स्टार अंडर-19 कर्राभौना के युवा जोश के आगे बालाजी वॉरियर्स का अनुभव थोड़ा फीका पड़ गया। अंततः राइजिंग स्टार ने संयम और बेहतरीन रणनीति के साथ जीत हासिल की और बालाजी वॉरियर्स उपविजेता (रनर-अप) रही। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच कृष्ण कुमार सिदार व उपसरपंच अनुराग शर्मा ने विजेता टीम को सम्मानित किया। जहां विजेता टीम राइजिंग स्टार अंडर-19 को 30, 000 रुपये का नकद पुरस्कार और चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही उपविजेता बालाजी वॉरियर्स को रनर-अप ट्रॉफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि गढ़ मैदान में ऐसे खेल आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलता है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर दर्शकों और खेल प्रेमियों ने भी आयोजन समिति को बधाई दी।

## पिटियाझर बजरंग चौक में 20 वर्षो से मनाया जा रहा गणतंत्र दिवस



**महासमुंद।** पिटियाझर बजरंग चौक में विगत 20 वर्षो से आनंदराम सेन के नेतृत्व में प्रतिवर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद कल्पना सूर्यवंशी एवं भारती चंद्राकर द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित नागरिकों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

---

## प्रतिभा पब्लिक बालसी में निःशुल्क दंत जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य और दंत स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रतिभा पब्लिक स्कूल, बालसी में विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ के लिए निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों और कर्मचारियों में दांतों से जुड़ी बीमारियों की समय पर पहचान करना तथा उन्हें दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर अग्रवाल नर्सिंग होम, बसना से आए अनुभवी दंत चिकित्सकों की टीम ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कीं। दंत चिकित्सक दल में डॉ. अभिषेक अग्रवाल, डॉ. खुशबू अग्रवाल, डॉ. अखिल द्विवेदी, एवं डॉ. मैत्री ने दंत परीक्षण किया। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ के दांतों की बारीकी से जांच कर उन्हें दंत स्वच्छता, नियमित ब्रशिंग, स्वस्थ खान-पान एवं आवश्यक उपचार संबंधी उपयोगी जानकारी दी।



दंत चिकित्सकों के साथ आई सपोर्ट टीम में रिया वासवानी, सेविका प्रधान, ईशा यादव एवं अमर दास शामिल रहे, जिन्होंने शिविर के संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। जांच के दौरान बच्चों को दांतों की सही देखभाल करने, मीठे पदार्थों के सीमित सेवन तथा नियमित रूप से दंत चिकित्सक से जांच कराने की सलाह दी गई।

इस शिविर के दौरान कुल 408 विद्यार्थियों एवं 100 विद्यालय स्टाफ सदस्यों के दांतों की जांच की गई। डॉ. खुशबू अग्रवाल ने उपस्थित सभी लाभार्थियों को अपने दांतों की सुरक्षा के विषय में कुछ महत्वपूर्ण बाते आवश्यक रूप से अपनाने को कहा जिससे सभी भविष्य में दांतों की सुरक्षा को लेकर सजग तथा जागरूक हुए। अंत में, विद्यालय के प्राचार्य नरहरि पटनायक ने दंत चिकित्सक दल एवं उनकी सहयोगी टीम को विद्यालय में आकर विद्यार्थियों और स्टाफ के स्वास्थ्य के प्रति किए गए अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।



### मड़ई मेला में शामिल हुए साहू

**महासमुंद।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम अछरीडीह में मड़ई मेला का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीण समिति ने चंदन गुलाब पुष्प श्रीफल से स्वागत किया। अशवंत तुषार साहू ने कहा मड़ई मेला महोत्सव छत्तीसगढ़ की एक पारंपरिक आदिवासी उत्सव है, जिसमें देवी-देवताओं की पूजा, लोक नृत्य (कर्मा, रेला), लोकगीत और नाटकों का आयोजन होता है। यह आदिवासी संस्कृति, सामाजिक मेलजोल और आर्थिक आदान-प्रदान का अद्भुत संगम है।



### कोसरिया मरार समाज नर्राराज की कार्यकारिणी बैठक

**नर्रा।** कोसरिया मरार समाज नर्राराज का कार्यकारिणी बैठक ग्राम परकोम में आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम समाज के ईष्ट देवी माता भगवती शांकभरी देवी के छाया चित्र के समक्ष पूजा अर्चन व आरती कर की गई। इसके पश्चात समाजिक पदाधिकारियों स्वागत गुलाल, चंदन, बंदन से किया गया। उक्त सभा को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सभापति के रूप में पदुमलाल पटेल को नियुक्त किया गया इसके बाद समाज में आए परकोम ग्राम से आवेदनों को सभापति के आदेशानुसार समाज के समक्ष सचिव के द्वारा पढ़कर सुनाया गया। इस आवेदन के विवेचना व दोनों पक्ष से पूछताछ कर निराकरण किया। इसके पश्चात सामाजिक चर्चा परिचर्चा हुई, जिसमे आगामी 1 मार्च को ग्राम नर्रा में वार्षिक अधिवेशन एवं पंचवर्षीय समाज पदाधिकारियों के चयन पर चर्चा हुई।इस दौरान सभापति पदुमलाल पटेल संयोजक लोचन पटेल, अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, उपाध्यक्ष दुकालूराम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष माखनलाल पटेल कोषाध्यक्ष परमेश्वर पटेल उपकोषाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल महासचिव नेतराम पटेल, सचिव चंदन पटेल सलाहकार लक्ष्मी नारायण पटेल, जागेश्वर पटेल, भीखूराम पटेल, गणेश पटेल, कृष्ण चंद पटेल, सदाराम पटेल, राधेश्याम पटेल, दयाराम पटेल, लखन पटेल, नोहर पटेल, रघुलाल पटेल, फैलसिह पटेल, लोकनाथ पटेल समेत समाज के लोग मौजूद रहे।

---

## जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में कार्य संपादित कराया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत 23 दिसम्बर 2025 को जिला गरियाबंद अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54-राजिम के 298 मतदान केन्द्रों तथा 55-बिन्द्रानवागढ़ के 306 मतदान केन्द्रों में प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया हैं। उक्त कार्यक्रम के तहत 22 जनवरी 2026 तक मतदाताओं से दावा, आपत्ति प्राप्त किये जा चुके है। अन-मैप्ड मतदाताओं को 22 जनवरी 2026 तक नोटिस भी जारी किया गया है। उक्त अवधि में प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी 2026 तक किया जायेगा। इसके पश्चात 21 फरवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। दावा-आपत्ति सुनवाई अवधि के दौरान विधानसभा स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के द्वारा साप्ताहिक आधार पर राजनैतिक दलों के साथ प्राप्त दावा, आपत्तियों की सूची भी साझा किया जायेगा।

कार्यक्रम के तहत 27 जनवरी 2026 को जिले के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय राजिम, देवभोग में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अंतिम साप्ताहिक बैठक आहूत कर दावा, आपत्तियों की साप्ताहिक सूची (प्रारूप 9, 10, 11, 11ए, 11बी) की जानकारी प्रदाय की गई। साथ ही विधानसभा क्षेत्र 55-बिन्द्रानवागढ़ अंतर्गत साप्ताहिक आधार पर प्राप्त एवं एन्ट्री की गई फॉर्म-6,7 एवं 8 की जानकारी प्रदाय किया गया। प्रारूप 9 के प्रपत्र 6 में नाम शामिल करने के लिए प्राप्त आवेदनों की सूची। प्रारूप 10 के प्रपत्र 7 में नामों को शामिल करने पर आपत्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की सूची। प्रारूप 11 के आपत्तियों की सूची, प्रविष्टियों में सुधार के लिए आवेदन, एपिक के प्रतिस्थापन, पीडब्ल्यू बनाने के लिए आवेदन प्रपत्र 8 में प्राप्त हुए। प्रारूप 11ए - निर्वाचन क्षेत्र के भीतर पते में बदलाव के लिए प्रपत्र 8 में प्राप्त आवेदनों की सूची। प्रारूप 11बी - फॉर्म 8 में प्राप्त निर्वाचन क्षेत्र से बाहर पते में बदलाव के लिए आवेदनों की सूची। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राजिम, देवभोग द्वारा अपील किया गया कि वे स्वयं पहल करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी कर एक अद्यतन, स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग दें।

### 13 वीं बार ललितपुर विद्यालय में नेवता भोज



**भंवरपुर।** बसना विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला ललितपुर, संकुल केंद्र जमदरहा में संकुल समन्वयक डिजेंद्र कुर्रे के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2025 से सम्मानित प्रधान पाठक गफ्फार खान के नेतृत्व में सामाजिक सहयोग से तेरहवीं बार नेवता भोज का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम सरस्वती माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आज के नेवता भोज कार्यक्रम शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेहरूलाल और सदस्य कायतराम द्वारा स्वेच्छा से पीएम पोषण योजना अंतर्गत नेवता भोज का आयोजन आंशिक रूप से कराया गया।

पेज 11 के शेष...

### वनांचल में दर-दर...

ठोकरे खा रहे है अपने रिश्तेदार और परिवार के अन्य सदस्यों के घर में रहते है इन बच्चों को बेहतर पढ़ाई और उचित इलाज के साथ ही इन्हे बेहतर मार्गदर्शन की जरूरत है जिससे ये बच्चे आगे बढ़ सके। इस संबंध में यहां के ग्रामीणों ने स्थानीय अधिकारियों को कई बार अवगत कराया लेकिन उनकी समस्याओं के समाधान की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया।

### मंत्री राजेश अग्रवाल...

की बढ़ती संख्या को देखते हुए वहां भी सफाई, प्रकाश व्यवस्था और यातायात नियंत्रण को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। सुरक्षा के मद्देनजर मंत्री ने पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था ,वाहन प्रवेश-निकास की स्वतंत्र व्यवस्था तथा यातायात मार्गों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने कहा। मंत्री ने स्पष्ट रूप से अफसरो को हिदायत दी कि श्रद्धालुओं की सुविधा, आराम और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए।

### ब्राह्मण समाज महिला...

स्वभाव और समाजसेवा की भावना महिला मंडल को नई दिशा प्रदान करेगी। सभी सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी और समाज की प्रगति, एकता और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। उन्हें बधाई देने वालो में ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा, समाज के वरिष्ठ आर-बी शर्मा, वेदप्रकाश-तिवारी कैलाश -शुक्ला,श्यामकिशोर शर्मा, रमेश तिवारी अशोक तिवारी, सौरभ शर्मा, अजय तिवारी ,निवास शुक्ला, दिनेश तिवारी ज्ञानेश शर्मा, महेश किरण तिवारी भुनेश्वरी शर्मा, सौरभ शर्मा अभिषेक शर्मा कैलाश तिवारी, मनहरण शर्मा पीयुष शर्मा, अखिलेश शर्मा, प्रशांत शुक्ला संतोष शर्मा. डॉ. आशीष दीवान मधुसूदन शर्मा सुभाषिनी शर्मा, अनामिका तिवारी तनु मिश्रा मधुकामिनी शुक्ला, रश्मि तिवारी रुचि शर्मा, पुष्पाजलि तिवारी, पूनम दीवान स्वातिउपाध्याय, सोमा शर्मा स्मृति शर्मा, तारणी शर्मा, योगिता दुबे, किरण तिवारी संतोष तिवारी, रेनुका तिवारी, सीमा शर्मा, वर्षा मिश्रा, सुषमा शर्मा, बीना शर्मा, कुमुद पुरानिक सहित समाज के सभी लोग शामिल है।

# गुटखा-तंबाकू के दाम हुए दोगुने, मैनपुर अमलीपदर क्षेत्र में जमाखोरी और मनमानी चरम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर, अमलीपदर, गोहरापदर एवं ओड़िशा सीमा से लगे क्षेत्रे के गांवों में इन दिनों गुटखा, पाउच, सिगरेट, बिड़ी, तंबाकू, गुड़ाखु की कीमत बड़ गई है जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर अमलीपदर क्षेत्र में इन दिनों तंबाकू उत्पादों की कीमतों ने आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। गुटखा, गुड़ाखू, बीड़ी और सिगरेट जैसे रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले तंबाकू उत्पाद अचानक महंगे हो गए हैं, वहीं उनकी उपलब्धता भी सीमित हो गई है। हालात यह हैं कि जो गुटखा कुछ समय पहले 10 रूपये में आसानी से मिल जाता था, वहीं अब 20 रूपये से 30 रूपये तक में बेचा जा रहा है, वह भी तय मात्रा से कम। स्थानीय बाजारों में चर्चा है आने वाले दिनो में कीमत बढ़ने को लेकर जमाखोरी और मनमानी बिक्री की जा रही है कई दुकानों पर न तो अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) की सूची प्रदर्शित की जा रही है और न ही तय दामों का पालन किया जा रहा है। ग्राहक मजबूरी में महंगे दाम चुकाने को विवश हैं। क्षेत्र के बाजार में स्थिति यह है कि तंबाकू उत्पाद अब "मांग में ज्यादा, सप्लाई में कम" हो गए हैं। दुकानदारों का तर्क है कि नया स्टॉक महंगे दाम पर आ रहा है, जबकि उपभोक्ताओं का आरोप है कि पुराने स्टॉक को भी नए दामों पर बेचा जा रहा है।

## वनांचल में महंगाई की मार




### ग्रामीणों की व्यथा, जेब पर पड़ रहा सीधा असर

ग्रामीण उपभोक्ता ष्णकांत त्रिपाठी, माखन लाल ध्रुव, जागे"वर, भुवन सिंह, मानसिंह, बताते हैं जिस गुड़ाखू को पहले 10 रूपये में ले आता था, आज वही 30 रूपये में मिल रहा है। आदत छोड़ना आसान नहीं और खरीदने पर जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। कई उपभोक्ता हैं, जो इस महंगाई और मनमानी बिक्री से नाराज हैं। एक ओर सरकार स्वास्थ्य के नाम पर तंबाकू पर कर बढ़ाकर खपत कम करने की नीति बना रही है, वहीं दूसरी ओर उसी नीति की आड़ में कुछ दुकानदार और जमाखोर अनुचित लाभ कमा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या संबंधित विभाग केवल बयान तक सीमित रहेगा या जमीनी स्तर पर सख्त कार्रवाई भी होगी? क्या तय मूल्य पर बिक्री सुनिश्चित की जाएगी या फिर उपभोक्ता हर बार की तरह महंगे दाम चुकाकर चुप रहने को मजबूर रहेगा। फिलहाल क्षेत्र में तंबाकू से ज्यादा महंगाई और व्यवस्था पर सवाल जल रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का लगाया आरोप औचित्यहीन व तथ्यहीन : ओमकुमारी



नवापारा-राजिम। नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाया गया आरोप औचित्यहीन, बेबुनियाद एवं तथ्यहीन है। संपत्ति कर पालिका प्रशासन के गाइडलाइन के अनुसार लिया जा रहा है। जिसका दर अन्य नगरपालिका की तुलना में कम है। श्रीमती साहू ने कहा कि नगर में नल कर शुल्क शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार लिया जा रहा है। पूर्व में भी संपत्तिकर दाता से 180 रुपए एवं गैर संपत्तिकर दाता से 80 लिया जा रहा था जो दर वर्तमान में भी लागू है। नवापारा में विगत 10 माह में दो नए राशन दुकान की सौगात मिली है। पूर्ववर्ती शासन के पांच वर्षों के कार्यकाल में राशन दुकानों की संख्या जस की तस थी। जिसे विगत 10 माह में 6 से बढ़ाकर 8 कर दिया गया है। शासन के नियमानुसार राशन वितरण प्रणाली को कोर सिस्टम में लागू कर दिया गया है। नगरवासियों को सुविधा प्रदान करने के लिए बस स्टैंड के करीब रायपुर मुख्य मार्ग में नए राशन दुकान खोलकर सौगात दी गई है। नगर के वार्ड क्रमांक 18 में निर्मित 11 दुकान का बार-बार उल्लेखित किया जाता है। जबकि विगत पांच साल के कांग्रेस कार्यकाल में कोई कार्यवाही नहीं की गई। नवापारा नगर पालिका नगर को साफ एवं सुंदर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसके अंतर्गत शासन के नियमानुसार व्यावसायिक वेंडर से 100 वर्गफुट क्षेत्रफल तक के दुकानों के लिए 80 रुपए प्रतिमाह सफाई शुल्क निर्धारित है। जबकि पालिका द्वारा व्यावसायिक ठेले एवं खोमचे से 50 रुपए शुल्क लिया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी लगाए गए सभी आरोपों को नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने निराधार एवं झूठा बतलाया।

### गुड शेफर्ड स्कूल में मना गणतंत्र दिवस

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शंकर पांडेय लायंस क्लब अध्यक्ष द्वारा प्रातः ध्वजारोहण के साथ हुआ तथा सभी ने राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर शाला नायक विवेक पटेल एवं शाला नायिका इशरत बानो ने भाषण दिया। कक्षा पहली की गुंजन प्रधान ने जोश पूर्ण देशभक्ति से ओतप्रोत कविता पाठ किया। अफरोज बेगम के निर्देशन में कक्षा दूसरी के छात्रों ने देशभक्ति गीत, पीटी सेक्शन के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक देशभक्ति नृत्य मनीषा के निर्देशन में प्रस्तुत कर सारा वातावरण देश भक्तिमय बना दिया एवं कक्षा छठवीं की छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई की गौरवशाली गाथा नृत्य नाटिका के रूप में प्रस्तुत कर भावविह्वल कर दिया। विद्यार्थियों ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से देश के संविधान, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बच्चों को संदेश दिया कि वे ही कल के नागरिक हैं और उन्हें भ्रष्टाचार से दूर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर देश को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ एच. रावटे ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमे हमेशा सच बोलना चाहिए एवं ईमानदार रहना चाहिए। शाला के डायरेक्टर डॉ जार्ज रावटे ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की देशभक्ति पूर्ण प्रस्तुतियां बच्चों में राष्ट्रीय एकता एवं प्रेम का विकास करता है। प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

## आयोजन : राष्ट्र सेविका समिति के तत्वावधान में हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम आयोजित

# कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण का गूंजा संदेश, मातृशक्तियों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ऋषि दास वैष्णव सामुदायिक भवन में राष्ट्र सेविका समिति एवं शौर्य समृद्धि शाखा के तत्वावधान में योगिता सिन्हा एवं सोनल महाड़िक के नेतृत्व में हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में ब्रम्हकुमारी से पुष्पा दीदी, राजिम गायत्री की सहायक ट्रस्टी एवं वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रलेखा गुप्ता एवं नवापारा नगर की वरिष्ठ चिकित्सक, प्रखर वक्ता एवं समाजसेविका डॉ. उमा गुप्ता उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती एवं भारत माता की पूजा पाठ, वंदना कर की गई। प्रभा बांसवार एवं प्रीति पाण्डेय द्वारा एकल गीत के माध्यम से मां भारती की वंदना की गई। कार्यक्रम में कई रोचक खेल एवं प्रस्तुति के माध्यम से मकरसंक्रांति एवं हल्दी कुमकुम के महत्व को बताया गया। उपस्थित सभी मातृ शक्तियों ने एक दूसरे के कुमकुम लगाकर मां लक्ष्मी एवं मां सरस्वती से अखंड सौभाग्य का वर मांगा एवं एक दूसरे को हल्दी कुमकुम पर्व की बधाई दी। आयोजक योगिता सिन्हा एवं सोनल महाड़िक द्वारा आमंत्रित सभी महिलाओं को उपहार भेंट की गई। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रीति पाण्डेय द्वारा किया गया।

### मकरसंक्रांति ज्ञान के प्रकाश में आने का आध्यात्मिक उत्सव : पुष्पा बहन



मुख्य वक्ता ब्रह्मकुमारी पुष्पा दीदी ने अपने उदबोधन में कहा कि मकर संक्रांति केवल सूर्य की राशि परिवर्तन का पर्व नहीं बल्कि आत्मा में दिव्य गुणों पवित्रता एवं धैर्य के धारण करने और अंधकार को छोड़कर ज्ञान के प्रकाश में आने का आध्यात्मिक उत्सव है। यह संगमयुग पर परमात्मा शिव द्वारा विकारों को त्याग कर श्रेष्ठ कर्म करने की प्रेरणा का प्रतीक है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मौजूद चंद्रकला गुप्ता ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर अपने व्याख्यान में कहा कि परिवार में भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों को पुनर्जीवित करना होगा। यह संयुक्त परिवार प्रणाली को मजबूत करने, बुजुर्गों का सम्मान करने, साथ बैठकर भोजन करने और बच्चों को सही संस्कार देने के लिए एक अभियान है इसका उद्देश्य एक जागरूक सुखी और सशक्त परिवार के माध्यम से एक उन्नत समाज और राष्ट्र का निर्माण करना है। पर्यावरण संरक्षण पर डॉ उमा गुप्ता ने कहा कि हवा, पानी, मिट्टी,पेड़ पौधे और वन्य जीव जैसे प्रत्येक संसाधनों की रक्षा करना आवश्यक है। यह सतत जीवन के लिए अनिवार्य है। तेजी से बढ़ते प्रदूषण, शहरीकरण और वनों की कटाई के कारण पर्यावरण संतुलन खतरे में है। जिससे जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर चुनौतियां पैदा हो रही है। हमारा पर्यावरण, हमारा भविष्य मानते हुए प्लास्टिक कम करने, पेड़ लगाने और ऊर्जा की बचत करने जैसे छोटे कदम उठाकर हम धरती को बचा सकते हैं। कार्यक्रम में राजिम नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रेखा सोनकर, तर्री ग्राम पंचायत सरपंच लता सिन्हा, समाजसेवी पूजा सायरानी, रेखा बंजारे, पार्षद पूजा कंसारी, निर्मला साहू, वर्षा सोनी, धनमती साहू, श्वेता अग्रवाल, रुचि सेठ, हर्षा कंसारी, आभा गुप्ता, ममता साहू, लक्ष्मी ध्रुव, संगीता दीवान, मनीषा शर्मा, अनीता गुप्ता, जयंती साहू, मधु नागरची एवं बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## मनरेगा का नया ढांचा, रोजगार खत्म करने की साजिश : ध्रुव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मनरेंगा बचाव अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा गांव-गांव पहुंचकर लोगों को मनरेंगा योजना के संबंध में जानकारी दी जा रही है। बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव मनरेंगा बचाव आंदोलन में शामिल होकर ग्राम अड़गड़ी, जरहीडीह, शोभा, गोना, भुतबेड़ा में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात किया। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने कहा की गरीब, मजदूर और किसान के नाम पर सत्ता में आई भाजपा सरकार अब उन्हीं की पीठ में छुरा घोंपने का काम कर रही है। मनरेगा का नाम बदलकर नए ढांचे में ढालने की कवायद, सुधार नहीं बल्कि, साजिश का संकेत है ऐसी साजिश, जिसका अंतिम परिणाम ग्रामीण रोजगार की गारंटी का अंत करना है। अब तक, मनरेगा के तहत मिलने वाला रोजगार एक की कानूनी गारंटी थी काम मांगो, काम पाओ। नए प्रावधानों ने यह संतुलन उलट दिया है। अब तक व मनरेगा के तहत कुल व्यय का 90 प्रतिशत केंद्र सरकार और 10 प्रतिशत राज्य में सरकार वहन करती थी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों को भी ग्रामीण मजदूरों को काम देने में सक्षम बनाया गया था। लेकिन नए प्रावधानों में केंद्र सरकार ने अपना योगदान घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया है और राज्यों पर 40 प्रतिशत वित्तीय बोझ डाल दिया गया है। यह बदलाव उन राज्यों के लिए घातक है, जो पहले से ही भारी कर्ज में डूबे हैं। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, पुनित ध्रुव, पुरन मेश्राम, भुनेश्वर नेगी, तिलकराम मरकाम, रमुला बाई, सोहन नागेश, सुकचंद ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

■ कमेटी मैनपुर द्वारा गांव-गांव पहुंचकर लोगों को मनरेंगा योजना के संबंध में जानकारी दी जा रही

## पेंशनर समाज ने मनाया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा छुरा ने उल्लासपूर्ण वातावरण में गणतंत्र दिवस मनाया। पेंशनर समाज छुरा के अध्यक्ष तिलक राम सिन्हा, पदाधिकारी गण तथा सदस्य पेंशनर भवन में एकत्रित हुए, राष्ट्रध्वज की पूजा अर्चना किए उसके बाद अध्यक्ष तिलक राम सिन्हा के करकमलों से झंडोत्तोलन किया गया। अध्यक्ष श्री सिन्हा ने अपने उद्बोधन में भारतीय संविधान के अनुसार आचरण कर देश की एकता एवं अखंडता को बनाये रखने पर बल दिया। कार्यक्रम में शंकर सिंह ध्रुव, एचएन त्रिवेदी, सीआर सिन्हा, धनीराम यदु, सुखी राम निषाद, डीपी जांगड़े, केआर सिन्हा, राधेश्याम साहू, रामरतन ध्रुव, संतुराम यादव, दिनेश गौर, रमनलाल सिन्हा, मोतीलाल साहू, बुधराम पाड़े, भगवान सिंह ध्रुव, हिरऊ राम ध्रुव, हेमलाल साहू, रामदयाल यदु, रामकिशन निषाद, घासीराम सेन, उत्तमचंद सिन्हा, मीना साहू एवं गौरी यादव शामिल रहे।

## मैनपुरकला में गूंजा देशभक्ति के तराने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



पूर्व माध्यमिक शाला मैनपुरकला में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया जिसमें प्राथमिक शाला मुड़ापारा, प्राथमिक शाला महुआभाटा प्राथमिक शाला फुलझर और पूर्व माध्यमिक शाला मैनपुरकला के सभी बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और भाषण गीत प्रस्तुत किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच गज्जू नेगी, शाला प्रबंधन अध्यक्ष पार्वती बघेल ने छात्र -छात्राओ को पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर अशोक ध्रुव, गोवर्धन ध्रुव, हरलाल नागेश, टीकम यादव, लालसिंह नागेश, पिंकी बारले, धनेश्वरी नागेश, संजू शर्मा, प्रधानपाठक चित्ररेखा वर्मा, महेश वर्मा, लोभान देवदास, पूरन सोनवानी, उषा नागेश, शिला वासनिकर, गाँव के वरिष्ठ नागरिक रतन नागेश, कुंदन नेगी, विष्णु ध्रुव, मुन्ना यादव, तनवीर राजपूत, वीरेंद्र राजपूत, जीतू कश्यप, उमेश कश्यप, सेवाराम यादव सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# अनुशासन और सेवा भाव से ही समाज को शिक्षित और विकसित बना सकते हैं : ध्रुवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

आदिवासी वनांचल ग्राम मूढीपानी में निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय छुरा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। गत मंगलवार 27 जनवरी को जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति लेखराज ध्रुवा के मुख्य आतिथ्य में शिविर का उद्घाटन किया गया। महाविद्यालय प्रबंध समिति सदस्य तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन सत्र के विशेष अतिथि सीमा गुप्ता उपसरपंच ग्राम पंचायत मुढ़ीपानी, परमेश्वर यादव उपसरपंच ग्राम पंचायत रसेला, ग्राम पटेल बृजलाल कंवर, ग्रामीण अध्यक्ष जानु राम दिवान, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक दयाराम नागेश, कृष्णा गुप्ता, पूर्व उपसरपंच थानेश्वर कंवर पूर्व जनपद सदस्य कुलेश्वर, निषाद ग्रामीण सचिव व्यवसायि रोशन देवांगन, इमरान मेमन मंचस्थ रहे। कार्यक्रम अधिकारी रेखराम कुर्रे ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस दूरस्थ वनांचल ग्राम में नशामुक्त समाज के लिए युवा उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक यह शिविर आयोजित किए है। उन्होंने शिविर के समस्त कार्य-योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक ग्राम वासियों को अवगत कराए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत कृषि सभापति लेखराज ध्रुवा ने अपने जिला पंचायत क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल ग्राम में शिविर आयोजित करने पर कार्यक्रम अधिकारी एवं सहयोगी स्वयं सेवको को धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि अनुशासन और सेवा भाव से ही समाज को शिक्षित और विकसित बना सकते है।

### छात्रों को नशा से दूर रहने की अपील





वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्रबंध समिति सदस्य तेजस्वी यादव ने कहा कि यह शिविर छात्रों को किताबी ज्ञान से परे समाज की वास्तविक समस्याओं से परिचित कराता है और उनमें सेवाभाव विकसित करता है। यह सामुदायिक सेवा के प्रति समर्पण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। उप सरपंच परमेश्वर यदु ने छात्र छात्राओं को कहा कि जो बच्चे मर्यादा में रहते व माता- पिता की बातों को सम्मान देते वह सतत विकास करते। वहीं ग्राम के वरिष्ठ सेवानिवृत शिक्षक दयाराम नागेश ने अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए छात्र -छात्राओं को नशा से दूर रहने की अपील की उन्होंने नशा के प्रकार एवं जीवन में उनके दुष्प्रभाव से अवगत कराया। मंच संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी तरुण निर्मलकर ने किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को रासेयो का प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापिका निर्मला यादव, समूह की महिलाएं आरती निषाद सावित्री दिवान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंबिका कंवर ग्राम प्रमुख, जयराम दीवान, गोकुल ध्रुव, रामाधीन निषाद, मुंसु ठाकुर पंच गण महिला कमांडो, मितानिन समस्त ग्रामीण, कॉलेज के शिविरार्थी छात्र-छात्राओं की उपस्थित रही।

### फैकल्टी डाइवर्सिटी पर व्याख्यान कार्यक्रम

**महासमुंद।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में फैकल्टी डाइवर्सिटी को विशेष महत्व दिया गया है। इसके अंतर्गत कला संकाय का विद्यार्थी विज्ञान, वाणिज्य विषय एवं विज्ञानं एवं वाणिज्य संकाय का विद्यार्थी कला विषय का अध्ययन कर सकता है। संकाय विविधता के महत्व को विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए प्राचार्य प्रो करूणा दुबे के निर्देशन एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में आज महाविद्यालय में फैकल्टी डाइवर्सिटी पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कला संकाय प्रभारी प्रो. डॉ. रीता पांडेय, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. डॉ मालती तिवारी, विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ ई पी चेलक, वाणिज्य संकाय प्रभारी, अजय कुमार राजा, छात्र संघ प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ दुर्गावती भारतीय, कंप्यूटर संकाय प्रभारी डॉ अजय कुमार देवांगन, दिलीप कुमार बढाई, केसर चंद वनपाल उपस्थित थे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर रीता पांडेय ने कहा- फैकल्टी डाइवर्सिटी में अलग-अलग पृष्ठभूमि अनुभव और पहचान वाले शिक्षकों की संतुलित भागीदारी आवश्यक होती है।






## खबर संक्षेप

### संदीप और तरुण का सीआईएसएफ में चयन



**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत नवापारा के आश्रित ग्राम भैरा निवासी हेम कुमार दीवान और कांति लाल दीवान के सुपुत्र संदीप कुमार दीवान, तरुण कुमार दीवान का चयन सीआईएसएफ में होने पर समस्त ग्रामवासीयों ने इन दिनों सफलता एवं कड़ी मेहनत लगन को देखकर शुभकामनाएं देते हुए देश की सेवा करने का मौका मिला है। इस सफलता ने सफर के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई है।

### पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का कृष्णा ने किया स्वागत

**महासमुंद।** जिले के बसना सराईपाली के कार्यक्रमों में सम्मिलित होने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल का ग्राम झलप में पूर्व पालिकाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्णा चंद्राकर ने समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया। संक्षिप्त चर्चा के दौरान बघेल ने महासमुंद विधानसभा में कांग्रेस की वर्तमान स्थिति, किसानों के धान विक्रय पर परेशानियों के बारे में चंद्राकर से जानकारी ली। बघेल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि राज्य सरकार की प्रत्येक शोषक नीतियों के खिलाफ कांग्रेस की रीति नीतियों में चलकर संघर्ष के स्वरों को सभी को बुलंद करना है। इस संघर्ष में आप सभी युवाओं का नेतृत्व होगा। इस संघर्ष के रथ का सारथी कृष्णा होगा।

### गौरव विद्या मंदिर में हुआ पालक सम्मेलन

**सरायपाली।** शंकर बाल उन्नयन सेवा समिति द्वारा संचालित गौरव विद्या मंदिर में पालक सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोभा साव (पैकिंन) अध्यक्षता चंपा पटेल (केंदुमुड़ी) विशिष्ट अतिथि नमिता महाकुड़ (अमरकोट) कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी, प्रधानाचार्य रामचंद्र बाईल के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामचंद्र बाईल के द्वारा विद्यालय प्रतिवेदन का वाचन किया गया। विद्यालय विकास संबंधित पालकों से संवाद किया। इस बीच पालकों द्वारा विद्यालय हित में अनेक सुझाव दिए गए, जिसे विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा द्वारा उक्त सुझावों को लागू करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान बच्चों का सर्वांगीण विकास पालक बालक के सहयोग से ही संभव है माताओं के मनोरंजन के लिए कुर्सी दौड़ खेल का आयोजन किया गया था।

## राजिम कुंभ कल्प : नेहरू पुल से पंड़ित सुंदरलाल शर्मा चौक तक हर पल लगा रहता है जाम

# 1 फरवरी से आस्था का महासंगम, लेकिन संकरी सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

छत्तीसगढ़ का 15 दिवसीय सुप्रसिद्ध राजिम कुंभ कल्प मेला आज से सिर्फ दो दिन बाद 1 फरवरी माघ पूर्णिमा से शुरू होने जा रहा है जो महाशिवरात्रि 15 फरवरी तक चलेगा। इस 15 दिनो में देश और दुनिया से करीब 25 से 30 लाख श्रद्धालु पहुंचेंगे। मेला न केवल तीनों नदी के बीच लगेगा बल्कि इसका दायरा राजिम-नवापारा शहर से लेकर चौबेबांधा गांव तक फै ला हुआ रहेगा। तीनो जिला गरियाबंद, रायपुर एवं धमतरी के आसपास के गांव की सड़कों पर 10 किमी क्षेत्र में भीड़ रहेगी। लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू पुल से पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक तक सड़क को पुलिस स्टॉपर लगाकर दो भाग में डिवाइड किया गया है। नवापारा शहर के पुल के हिस्से से लेकर पं. शर्मा चौक तक हालांकि यह मार्ग पहले से ही अत्यंत संकरा है। यहां लगातार ट्रैफिक के कारण यूं ही जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सामान्य दिनों में भी इस मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, ऐसे में कुंभ कल्प मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं, व्हीव्हीआईपी-वीआईपी आवागमन और भारी वाहनों की आवाजाही से स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। सड़क के दोनों ओर सीमित जगह होने के कारण वाहन मोड़ने और पैदल यात्रियों के सुरक्षित आवागमन में भी कठिनाई उत्पन्न हो रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा फिलहाल बैरिकेटिंग कर यातायात को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन वैकल्पिक मार्गों, वन-वे सिस्टम, भारी वाहनों पर समयबद्ध प्रतिबंध तथा स्पष्ट दिशा-सूचक संकेतक नहीं होने से व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों और व्यापारियों ने मांग की है कि मेला अवधि में पीक अवर के दौरान पं. नेहरू पुल से पं. शर्मा चौक तक यातायात पुलिस की संख्या यदि नहीं बढ़ाई गई तो समझों हर पल जाम की नौबत आएगी। आपातकालीन सेवाओं के लिए भी अलग लेन सुनिश्चित करने की आवश्यकता तो है मगर इसके लिए अलग से सड़क नहीं है। अब देखने वाली बात यह होगी कि राजिम कुंभ कल्प मेले जैसे विशाल आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन यातायात व्यवस्था को किस तरह सुचारू बनाएगा? ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बता दें कि मेले से पहले ही यातायात व्यवस्था पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनती नजर आ रही है। यह मार्ग इतना संकरा है कि सामान्य दिनों में भी यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। कुंभ कल्प मेला के दौरान लाखों श्रद्धालुओं, वीआईपी वाहनों, निजी बसों, चारपहिया और दोपहिया वाहनों की आवाजाही से हालात और अधिक भयावह होने की आशंका है। हर वर्ष इसी मार्ग पर घंटों तक जाम लगता है और इस वर्ष भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए समस्या और विकराल रूप ले सकती है।



### भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि पं. नेहरू पुल से पं. सुंदरलाल शर्मा चौराहा तक पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। सड़क के दोनों ओर जगह की कमी, अव्यवस्थित पार्किंग और लगातार रुक-रुक कर चलने वाला यातायात पूरे सिस्टम को जाम कर देता है। ऐसे में केवल पुलिस स्टॉपर लगाकर रोड डिवाइड करना नाकाफी साबित होगा। यातायात विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों की मांग है कि मेला अवधि में इस मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर समयबद्ध प्रतिबंध लगाया जाए, वैकल्पिक मार्गों का प्रभावी उपयोग हो तथा ट्रैफिक पुलिस की संख्या कई गुना बढ़ाई जाए। इसके साथ ही आपातकालीन वाहनों के लिए अलग लेन सुनिश्चित करना भी जरूरी बताया जा रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या पुलिस प्रशासन समय रहते ठोस और व्यावहारिक यातायात योजना तैयार करेगा या फिर हर साल की तरह श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक घंटों जाम में फंसने को मजबूर होंगे। राजिम कुंभ कल्प जैसे विशाल आयोजन में यातायात अव्यवस्था प्रशासन की तैयारी की असली परीक्षा होगी।

## उत्कृष्ट सेवा के लिए कलेक्टर ने 6 कर्मचारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिला प्रशासन द्वारा अपने जिले के उत्कृष्ट कर्मचारियों को राष्ट्रीय पर्व पर सम्मान दिया जाता है।इसी तारतम्य में शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारी को उनकी मेहनत, गतिविधियों,अनुशासन,नवाचारी कार्य, उत्कृष्ट कार्य के लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर भगवान दास उइके जी के द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत शिक्षा विभाग के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में शिक्षा विभाग से जो उत्कृष्ट कर्मचारी सम्मानित हुए हैं उनमें बलदाउ प्रसाद कोसले, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घवलपुर, कक्षा 10 वीं, 12 वीं मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक व प्रीबोर्ड परीक्षा में ब्लूप्रिंट अधारित प्रश्न पत्र एवं प्रश्न बैंक तैयार विशेष सहयोग करने,बसंत साहू व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कक्षा 10वीं, 12वीं मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक व प्रीबोर्ड परीक्षा में ब्लूप्रिंट अधारित प्रश्न पत्र एवं प्रश्न बैंक तैयार करने, सीमा साहू व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाण्डुका, कक्षा 10 वीं, 12 वीं मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक व प्रीबोर्ड परीक्षा में ब्लूप्रिंट अधारित प्रश्न पत्र एवं प्रश्न बैंक तैयार करने मे एवं स्काउट गाईड जिला स्तरीय आयोजन में विशेष सहयोग। विनोद सिन्हा,शिक्षक माशा अतरमरा 5 वीं 8 वी केन्द्रीकृत मूल्यांकन में वार्षिक मूल्योंकन के पूर्व तैयारी हेतु मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक में ब्लुप्रिंट आधारित प्रश्न पत्र एवं प्रश्न बैंक तैयार करने में विशेष सहयोग,विक्रांत सोनी -जिला प्रोग्रामर कार्या. जिला अधिकारी गरियाबन्द अपार आई डी, यू ऑईस, छात्रवृत्ति एवं अन्य ऑनलाईन कार्य, महादेव सोम,सहायक ग्रेड 02 कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबन्द कर्तव्य के प्रति निष्ठावान के लिए सम्मानित किया गया। सभी सम्मान प्राप्त कर्मचारियों को जिला शिक्षाधिकारी जगजीत सिंह धीर,जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चन्द्राकर,सहायक संचालक कृपाल सिंह पैकरा,ए पी सी विल्सन थॉमस,मनोज केला सहित अधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए है।



# शिक्षक खोमन ने अपनी कमाई से संवारा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन को लेकर क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के विशेष कर शैक्षणिक संस्थानों प्राचार्य, प्रधानपाठक व प्रधानाचार्य साफ-सफाई व तैयारी में जुटे रहते हैं। इसी क्रम में प्राथमिक पाठशाला सिर्रीखुर्द के प्रधानपाठक व राज्यपाल से सम्मानित शिक्षक खोमन सिन्हा गणतंत्र दिवस के एक माह पूर्व से अपने स्कूल को आकर्षक बनाने कड़ी मेहनत किया है। आज उनकी मेहनत सबको बरबस आकर्षित कर रहा है। उन्होंने वाल पेंटिंग, साफ सफाई, समतलीकरण, मेन गेट पर नामनिशन बोर्ड, कीचन गार्डन, ब्लेक बोर्ड में कुल दो लाख रूपये का अनुदान दिया है। इसके अतिरिक्त खोमन सिन्हा शिक्षक अपने वेतन के कुछ हिस्सा हर महिना स्कूल के बच्चों या स्कूल की आवश्यकता अनुसार लगाने संकल्प लिया है। उनके द्वारा राष्ट्रीयता से ओतप्रोत आकर्षक सजावट पर ग्राम सिर्रीखूर्द निवासी खुशी जाहिर कर रहे हैं वहीं क्षेत्र के अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। वहीं गणतंत्र दिवस पर प्राथमिकता शाला,पुर्व माध्यमिक शाला में शान से ध्वजारोहण किया गया और ध्वज को सलामी देकर राष्ट्रगीत गाये गये। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सिर्रीखुर्द, अध्यक्षता सरपंच देवेन्द्र वर्मा थे। साथ में प्रधान पाठक खोमन सिन्हा ,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ममता मतावले, उपसरपंच नेमू राम साहू, पूर्व सरपंच टिकेश साहू, साहू समाज अध्यक्ष हरि साहू, ठाकुर राम साहू, जगन्नाथ ध्रुव, शिक्षक बिरेंद्र पवार, अखिलेश्वर वर्मा, भुनेश्वर साहू, हितेश कंडरा, रामदास बघेल, लीलाराम मतावले, द्रोपदी साहू, सीता साहू सहित समस्त ग्रामवासी सिर्रीखुर्द बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आगन्तुक अतिथियों के करकमलों से उल्लेखनीय अनुकरणीय कार्य व स्कूल अनुदान के लिए प्रशस्ति पत्र, शाल, श्रीफल गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया।



### तरियापारा में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय प्राथमिक शाला तरियापारा खुडीयाडीह छुरा में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। ग्राम पंचायत वार्ड पंच बाबूलाल नागेश ने प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी में ग्राम प्रमुख मनी राम नागेश द्वारा ध्वजारोहण किया उसके बाद प्रभात फेरी में सभी प्रमुख गलियों में भ्रमण किया। वापस शाला प्रांगण में पहुंच कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत पर सामूहिक नित्य किया जिसे ग्रामवासियों द्वारा काफी सराहना किया कार्यक्रम में सभी ग्राम प्रमुख पंचगण मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शिक्षक गण के आलावा कुमारी मीनाक्षी, नागेश, आनंद, घासी राम ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक उत्तम कुमार पटेल एवं आभार योगेश कुमार सिन्हा द्वारा किया गया।



# कलेक्टर ने डॉ. ऐश्वर्य और फार्मासिस्ट रूपसिंह नेताम को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव (कोरासी)



गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयुष विभाग, जिला गरियाबंद के अंतर्गत कार्यरत डॉ. ऐश्वर्य कुमार साहू, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद सर्जन), शासकीय आयुर्वेद औषधालय रानीपरतेवा एवं रूपसिंह नेताम, फार्मासिस्ट, शासकीय आयुर्वेद औषधालय अकलवारा को कलेक्टर, गरियाबंद द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. ऐश्वर्य कुमार साहू, जो कि एक कुशल आयुर्वेद सर्जन पर पदस्थ होने के पश्चात शासकीय आयुर्वेद औषधालय रानीपरतेवा में अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण, वैज्ञानिक एवं प्रभावी आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाओं की शुरुआत हुई। उनके नेतृत्व में औषधालय का उन्नयन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं का सफल संचालन, औषधि वाटिका निर्माण, योग एवं आयुर्वेद के माध्यम से जन-जागरूकता तथा नवाचार आधारित गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया।

इन प्रयासों के परिणामस्वरूप ग्रामीण अंचल में आयुर्वेद के प्रति आमजन का रुझान एवं विश्वास उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है, जिससे अधिक संख्या में रोगी आयुष पद्धति से लाभान्वित हो रहे हैं। वहीं रूपसिंह नेताम को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए फार्मासिस्ट के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने तथा औषधि प्रबंधन में सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी, गरियाबंद डॉ. प्रवीण चंद्राकर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संगीता कौशिक, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत रानीपरतेवा के सरपंच श्री हेमलाल नेताम, जनपद सदस्य श्री पंकज निर्मलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने डॉ. ऐश्वर्य कुमार साहू को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# रसेला में बीमार कुत्तों के आतंक से दहशत में लोग

**रसेला।** अंचल में इन दिनों लोग किसी जंगली जानवर से नहीं, बल्कि बीमार आवारा कुत्तों से फैली दहशत के साय में जीने को मजबूर हैं। कई कुत्तों के शरीर से झड़ते बाल, त्वचा पर मोटी पपड़ी और लाल सफेद धब्बे साफ तौर पर किसी संक्रामक बीमारी की ओर इशारा कर रहे हैं, जिससे आम लोगों में भय का माहौल बन गया है। स्थानीय नागरिकों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है, क्या यह बीमारी इंसानों तक भी फैल सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें बीमारी से उतना डर नहीं है, जितना प्रशासन की चुप्पी से। शिकायतें की जा रही है, जानकारी दी जा रही है, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही किसी अधिकारी ने स्थिति को गंभीरता से लिया। लोगों का आरोप है कि मामला आवारा कुत्तों से जुड़ा होने के कारण इसे जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है। रसेला में पशु चिकित्सालय मौजूद है, भवन खड़ा है, नाम का बोर्ड भी लगा है, लेकिन स्थायी पशु चिकित्सक डॉ. और परिचालक की तैनाती नहीं है। ग्रामीण वर्षों से पशु चिकित्सक डॉ. और परिचालक की मांग कर रहे हैं, मगर यह मांग फाइलों तक सिमट कर रह गई है।



इलाज के अभाव में न सिर्फ आवार पशु, बल्कि पालतू जानवर भी खतरे में है। पशु चिकित्सक डॉ. के अनुसार यह समस्या स्किन वार्मिंग / एलर्जिक डिसआर्डर से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि सही दवाइयां, समय पर इंजेक्शन और एंटी एलर्जी उपचार से यह बीमारी पूरी तरह ठीक की जा सकती है। लेकिन विडंबना यह है कि दवा और ज्ञान तो है, पर इलाज करने वाला कोई नहीं। अब पालतू कुत्ते भी चपेट में स्थिति तब और गंभीर हो गई, जब यह बीमारी अब घरों में पालें जाने वाले कुत्तों तक पहुंचने लगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही बिमारी किसी इंसान, गाय या अन्य पशुओं में फैली होती, तो शायद अब तक बैठके हो चुकी होती और टीमें तैनात कर दी जाती। लेकिन मामला कुत्तों का है, इसलिए न संवेदना दिख रही है और ना ही तत्परता। अगर कल यह बीमारी इंसानों तक पहुंची, तो जिम्मेदारी किसी होगी, बीमार कुत्तों की या उस सिस्टम की जो आज भी चुप्पी साधे बैठा है।

# मुड़ागांव में 5 दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

आयुष विभाग के संचालक महोदय तथा जिला आयुष अधिकारी, गरियाबंद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष शासकीय आयुर्वेद औषधालय, अकलवारा के द्वारा ग्राम मुड़ागांव में 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणजनों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। योग शिविर में मुड़ागांव सरपंच गोदावरी दीवान वार्ड पंच खोलबाहरिन ध्रुव समस्त ग्रामवासी मितानिन प्रशिक्षिका गोदावरी सेन सभी मितानिन दुलारी ध्रुव, मोतिम यादव, अहिल्या सेन ,धनिता दीवान, रुखमणी दीवान की विशेष उपस्थिति रही। इसके साथ ही विद्यालय के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लेकर योगाभ्यास किया। शिविर के दौरान योग प्रशिक्षिका रोशनी सेन द्वारा विभिन्न रोगों के अनुसार योगासन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन कर उनका अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर शासकीय आयुर्वेद औषधालय, मुड़ागांव के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. ऐश्वर्य साहू, फार्मासिस्ट रूपसिंग नेताम एवं पीटीएस संतोष यादव की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. ऐश्वर्य साहू ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक संपूर्ण जीवनशैली है। नियमित योग अभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ रहता है। बच्चों में योग से अनुशासन एवं एकाग्रता का विकास होता है। योग शिविर से ग्रामीणों, मितानिनों एवं बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक जागरूकता देखने को मिली तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की गई।



सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
NABH
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
क्लीनिकल टेस्ट में 20% की छूट
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### स्वास्थ्य केंद्र बलौदा में किया गया ध्वजारोहण

**सरायपाली।** गणतंत्र दिवस की पावन पर्व पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा में ध्वजारोहण किया गया। सरपंच, उपसरपंच सरोज सेठ द्वारा गणमान्य नागरिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्मचारी देवेंद्र साहू, भेषज साहू, बी.आर. सोनवानी, डोलामणि भोई, एवं मंच का संचालन डोलामणि भोई सुपरवाईजर बलौदा द्वारा किया गया।

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाएं व पुरुष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# मंडल अध्यक्ष हेमंत ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

शासकीय हाई स्कूल लोहझर में खड़मा मंडल अध्यक्ष हेमन्त कुमार सिन्हा ने तिरंगा झंडा फहरा कर सलामी दी। गणत्रंत्र दिवस के 77 वां वर्षगाठ पर अपने मंडल के समस्त कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों और भारी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की उपस्थिति में हमारे देश की आन बान शान के प्रतिक तिरंगा झंडा को शान से फहराया। इसके अलावा विभिन्न चौक चैराहे से होता हुआ हजारों की संख्या में ग्रामीण जन एवं स्कूली छात्र-छात्राएं गगनभेदी नारे लगाते हुए पूरे जोश के साथ विशाल रैली के साथ मंडल अध्यक्ष हेमन्त कुमार सिन्हा, महामंत्री पुरुषोत्तम गोस्वामी, सरपंच यशवंत कुमार ठाकुर जितेंद्र कुमार यदु, दिलीप कुमार सुर्यवंशी, मनीराम ध्रुव उपसरपंच, महेन्द्र कुमार कोशले, एस देवांगन, पीएल वर्मा, केशर कंवर राजेश्वरी ठाकुर के साथ पूजा अर्चना कर तिरंगा फहराया और सलामी दी। तत्पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जहां छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक छत्तीसगढ़ के गीत संगीत भाषण कविता आदि प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम पश्चात सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था किया गया था। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम को सफल बनाने कि लिए गणमान्य नागरिकगण, जनप्रतिनिधिगण, शिक्षक समुदाय और स्कूली छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।



ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
• गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
• संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411